# अनुराग कश्यप, ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो पहुँचे लखनऊ के प्रतिभा थिएटर, निशानची का किया प्रमोशन

**लखनऊ के प्रतिभा थिएटर में निशानची की टीम ने दर्ज कराई मौजूदगी, अनुराग कश्यप संग लीड कास्ट ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो ने किया प्रमोशन**






लखनऊ, अपनी दमदार और बोल्ड स्टोरीटेलिंग के लिए मशहूर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप अब अपनी सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म निशानची के प्रमोशन में जुट चुके हैं। चेन्नई के बाद अब अनुराग लीड कास्ट ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो के साथ नवाबों के शहर लखनऊ पहुँचे हैं। यहाँ टीम ने पोस्टर लॉन्च कर निशानची का प्रमोशन शहर के मशहूर प्रतिभा थिएटर में किया, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों का जोश और भी बढ़ गया है।

फिल्म का ट्रेलर रिलीज के बाद से ही चर्चा का विषय बना हुआ है और अब प्रमोशन के सिलसिले में लखनऊ पहुंची टीम ने दर्शकों से सीधा जुड़ाव बनाया। अनुराग कश्यप, ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो की मौजूदगी ने थिएटर का माहौल और भी खास बना दिया। निशानची के इस प्रमोशनल टूर ने साबित कर दिया है कि फिल्म अपनी रिलीज से पहले ही दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतर रही है।

अमेजन टक्ष्ट स्टूडियो द्वारा रिलीज की जा रही इस फिल्म के साथ बेहद टैलेंटेड ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो बतौर लीड अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर में दोनों एक्टर्स की परफॉर्मेंस बेहद कैची लगी है, साथ ही उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर रही है कि क्या सच में यह उनकी डेब्यू फिल्म है। इसके अलावा निशानची के साथ ऐश्वर्य सिर्फ एक्टिंग ही नहीं बल्कि बतौर सॉन्ग राइटर और कंपोजर भी अपना डेब्यू कर रहे हैं। गाने का हुक लाइन "पिजन कबूतर भइया, उड़न फ्लाई, लुक देखो आसमान इस्काई" पहले से ही लोगों की जुबान पर चढ़ गया है। गाना पिजन कबूतर तेजी से एक जबरदस्त ईयरवर्म यानी सभी का पसंदीदा बनता नजर आ रहा है।

निशानची इस 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है और इससे पहले ही इंडस्ट्री में इसे लेकर जबरदस्त चर्चा का माहौल बना हुआ है। ट्रेलर को न सिर्फ दर्शकों से सराहना मिल रही है बल्कि अमिताभ बच्चन, आयुष्मान खुराना जैसे कई बड़े नामों ने भी इसकी तारीफ की है।

निशानची का देसी तड़का इसे देखने के लिए दर्शकों की बेसब्री को और बढ़ा रहा है। फिल्म की कहानी से लेकर म्यूज़िक हर एक चीज बेजोड़ है। जहां, इसका म्यूज़िक अपनी ताजगी और अलग अंदाज के कारण लोगों के दिल को छू रहा है। वहीं, ऐश्वर्य का डेब्यू फिल्म में उनके डबल रोल के कारण सबसे ज्यादा चर्चित डेब्यूज में से एक बन गया है। इसके साथ ही, फिल्म की एंसेंबल कास्ट इसे और भी दिलचस्प बना देती है, जिसमें वेदिका पिंटो, मोनिका पनवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार हैं, जो कहानी में गहराई लाते हैं।

अजय राय और रंजन सिंह के प्रोडक्शन हाउस जार पिक्चर्स के बैनर तले बनी यह फिल्म, फ्लिप फिल्म्स के साथ एसोसिएशन में बनाई गई है। फिल्म को प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और अनुराग कश्यप ने मिलकर लिखा है। एक्शन, ह्यूमर और ड्रामा से भरपूर यह मसाला एंटरटेनर 19 सितंबर 2025 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# पशु आरोग्य शिविर का किया गया आयोजन

**गाय की पूजा एवं गुड खिलाकर पशु आरोग्य शिविर कि की गई शुरूआत**

खखरेरू /फतेहपुर विजयीपुर विकासखंड के ग्राम सभा भुरूही में एकदिवसीय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान बृजेंद्र सिंह के द्वारा सर्वप्रथम गौपूजन कर गाय को गुड़ खिलाकर किया गया जिसमें आसपास के किसानों के द्वारा 686 पशुओं का पंजीयन करवाया गया जिसमें 112 पशुओं का बांझपन 24 पशुओं का गर्भ परीक्षण पांच पशुओं का बधियाकरण किया गया बाकी पशुओं का क्रमिनाशक की दवा का वितरण किया गया डॉ देवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा पशुपालकों को बांझपन रोकने के उपाय पशु पोषण की विस्तृत जानकारी दी गई पशु चिकित्सालय किशनपुर के डॉक्टर प्रदीप कुमार के द्वारा पशुओं में अंतः परजीवी के द्वारा नुकसान कृत्रिम गभार्धान उन्नत नस्ल के बछिया के विषय में जानकारी दी गई फर्स्ट चिकित्सालय फतेहपुर से डॉक्टर रमेश चंद्र द्वारा पशु में होने वाले थनायल रोग के कारण और निवारण नवजात पशुओं में कीटनाशक औषधीय के महत्व और पशुपालकों के द्वारा प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई शिविर में पशुपालक अमित सिंह विजय भान सिंह रोहित रमजान दिनेश मनोज पाल राम अवतार रामासरे रामखेलावन कलावती अंकित सिंह आदि सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहें हैं।

# रिफाइनरी पुलिस ने दबोचे तीन शातिर वाहन चोर : आधा दर्जन से अधिक चोरी के वाहन बरामद



मथुरा (जीएनएस)। थाना रिफाइनरी क्षेत्र स्थित बाद रेलवे स्टेशन रोड़ से पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शातिरों के कब्जे से आधा दर्जन से अधिक चोरी की बाइक बरामद हुई हैं। जानकारी के अनुसार एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशन एवं एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी रिफाइनरी अजय वर्मा पुलिस टीम के साथ वाहन चोर गैंग की तलाश में जुटे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि वाहन चोर गैंग की सक्रिय सदस्य, चोरी के वाहनों को बेचने की फिराक में बाद रेलवे स्टेशन रोड़ से जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय वर्मा पुलिस टीम में चौकी प्रभारी बरारी ललित चौधरी और चौकी प्रभारी बाद लोकेन्द्र सिंह आदि के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस टीम को देखते ही वहां खड़े शातिर वाहन चोर भागने लगे। पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे वाहन चोर वीकेश कुमार पुत्र रणवीर निवासी लालगढ़ी सैमरा थाना खंदौली जिला आगरा, हाल निवासी गांव नरहौली थाना हाईवे, मथुरा, विशांत पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी मोतीनगर थाना हाईवे और जयप्रकाश पुत्र आदेश निवासी खयाली गढ़ी थाना सादाबाद जिला हाथरस, हाल निवासी नरहौली थाना हाईवे को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिरों के कब्जे से चोरी की 7 बाइक बरामद की हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि पकड़े गए शातिरों ने मथुरा के भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्रों से बाइक चोरी की हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

# केनस्टार ने उतारे नए 5-स्टार वॉटर हीटर्स, बीस प्रतिशत ज्यादा गर्म पानी के साथ तेज हीटिंग का वादा

**वॉटर हीटर्स के साथ केनस्टार ने अपना नया कैंपेन 'बाथ बन जाए' भी पेश किया**

लखनऊ।भारत के सबसे भरोसेमंद होम अप्लायंसेज ब्रांड्स में से एक केनस्टार ने वॉटर हीटर्स की अपनी नई रेंज लॉन्च की है। आधुनिक भारतीय घरों के लिए डिजाइन किए गए ये वॉटर हीटर्स न सिर्फ. पानी को तेजी से गरम करते हैं, बल्कि ज्यादा आउटपुट देते हैं और बिजली की बचत भी सुनिश्चित करते हैं। इस तरह उपभोक्ताओं को सम्पूर्ण स्नान का एक संतोषजनक और अनुभव मिलता है। लॉन्च के साथ ही केनस्टार ने अपना नया कैंपेन 'बाथ बन जाए' पेश किया है। यह कैंपेन उस आम परेशानी पर ध्यान दिलाता है जब पारंपरिक वॉटर हीटर से पानी कम पड़ जाता है और नहाना अधूरा रह जाता है। केनस्टार के नए वॉटर हीटर इस कमी को दूर करते हुए हर स्नान को पूरा और आनंददायक बनाते हैं।

नई रेंज स्वर्ल हीट टेक्नोलॉजी से लैस है, जो 20 प्रतिशत ज्यादा गर्म पानी देती है। हाई डेन्सिटी पफ इन्सुलेशन की वजह से गर्माहट 10 प्रतिशत अधिक समय तक बनी रहती है और बिजली की खपत कम होती है। वहीं जर्मन ब्लू सफायर टेक्नोलॉजी हीटर के जीवनकाल को 40 प्रतिशत तक बढ़ाकर इसे और टिकाऊ बनाती है। पूरी रेंज 5-स्टार बीईई रेटिंग के साथ आती है, जिससे बिजली के बिल में भी अच्छी बचत होती है। उपभोक्ताओं के भरोसे के लिए कंपनी 7 साल की टैंक वारंटी भी




दे रही है।

इस अवसर पर केनस्टार के सीईओ श्री सुनील जैन ने कहा, 'हमारा उद्देश्य हमेशा से भारतीय घरों की जिंदगी को स्मार्ट, स्टाइलिश और टिकाऊ होम सॉल्यूशंस के जरिए बेहतर बनाना रहा है। नई वॉटर हीटर श्रृंखला के साथ हम अपना यह वादा निभा रहे हैं – तेज गर्माहट, लंबे समय तक भरोसेमंद साथ। यह श्रृंखला उपभोक्ताओं की मुख्य जरूरतों जैसे तेज गर्म पानी, ऊर्जा की बचत और सुरक्षा पर अपना ध्यान केन्द्रित करती है। साथ ही डिजाइन और परफॉर्मेंस के मामले में नए मानक स्थापित करती है। यह पोर्टफोलियो हमारे इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति समर्पण का प्रमाण है, जो हर स्नान को सम्पूर्ण और आनंददायक अनुभव बना देगा।'

नई रेंज को 3 लीटर से लेकर 100 लीटर तक की क्षमता में पेश किया गया है। इस लाइन-अप में स्टोरेज वॉटर हीटर, इंस्टेंट वॉटर हीटर, टैंकलेस वॉटर हीटर, गैस वॉटर हीटर और इमर्शन रॉड्स जैसे कई विकल्प शामिल हैं। स्मार्ट टेक्नोलॉजी से लैस यह पूरी रेंज 8-बार प्रेशर कम्पैटिबिलिटी के साथ आती है, जो आधुनिक शहरी घरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेहतर परफॉर्मेंस देती है।

सुरक्षा के लिहाज से भी यह रेंज पूरी तरह उन्नत है। 7-लेवल सेफ्टी शील्ड के अंतर्गत इसमें थर्मल कट-आउट प्रोटेक्शन, आईपीएक्स4 स्प्लैश-प्रूफ डिजाइन और मल्टी-फंक्शनल वाल्व जैसी सुविधाएं शामिल हैं। ये सभी फीचर्स उपभोक्ताओं को सुरक्षित और बेफिक्र अनुभव प्रदान करते हैं।

डिजाइन की दृष्टि से भी यह कलेक्शन विशेष है। इसमें आर्ट सीरीज के वुडन फिनिश और ओरिस सीरीज के चार आकर्षक रंगरूपों – व्हाइट, गोल्डन येलो, कोकोआ ब्राउन और ओशन ब्लू उपलब्ध हैं। यानी सुरक्षा, परफॉर्मेंस और स्टाइलकृतीनों का परफेक्ट मेल।

# सहकारी सदस्यता अभियान के शुभारंभ पर छाया रहा राकेश श्रीवास्तव का जादू



लखनऊ 12 सितम्बर, सहकारिता विभाग उ प्र की ओर से सहकारी सदस्यता अभियान के शुभारंभ पर आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में जादूगर राकेश श्रीवास्तव का जादू खूब चला ,

कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए सहकारी बैंक अध्यक्षों और संयोजकों ने जादूगर राकेश के अचंभित करने वाले जादू कला की भरपूर सराहना की , जब जादूगर राकेश ने ढाई फिट लंबी तलवार मुँह में चबा ली तो सभी दर्शकों ने दाँतों तले ऊंगली दबा ली,

जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने सहकारी सदस्यता अभियान का जागरूकता पूर्ण जादू दिखा कर हाल में उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया , अंत में जादूगर राकेश ने अपना लोकप्रिय कार्यक्रम हम सब एक हैं प्रस्तुत कर भरपूर तालियां बटोरीं ,

उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद , धर्मपाल सिंह के साथ ही आज के सहकारी सदस्यता अभियान शुभारम्भ के मुख्य कर्ताधर्ता सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे पी एस राठौर उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन के आत्म प्रकाश मिश्रा जी ने की ।

# पीएनबी ने व्यापक आईटी साल्यूशन्स को मजबूत करने के लिए सी-डॉट के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**सहयोग सुरक्षित, स्केलेबल बैंकिंग प्रौद्योगिकी समाधानों पर केंद्रित हैम्र**

12 सितंबर 2025: सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने संचार मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन पीएनबी के आईटी अवसंरचना को सुदृढ़ करने और इसकी प्रौद्योगिकी परिवर्तन यात्रा को गति देने के लिए है। यह सहयोग त्वरित, अधिक विश्वसनीय और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल सेवाओं को सक्षम करेगा।

इस समझौते पर हस्ताक्षर समारोह नई दिल्ली में सी-डॉट मुख्यालय में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। पीएनबी का प्रतिनिधित्व महाप्रबंधक श्री मनीष अग्रवाल और बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया, जबकि सी-डॉट का नेतृत्व सी-डॉट के सीईओ डॉ. राजकुमार उपाध्याय, कार्यकारी उपाध्यक्ष-1 डॉ. पंकज कुमार दलेला, कार्यकारी उपाध्यक्ष-2 सुश्री शिखा श्रीवास्तव और रजिस्ट्रार, सी-डॉट श्री राजीव कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।।

समझौता ज्ञापन के अंतर्गत , सी-डॉट बैंकिंग क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार उन्नत, स्वदेशी समाधानों को तेजी से लागू करने में मदद करने के लिए विशेष आईटी उत्पाद और सेवाएं प्रदान करेगा। इस सहयोग का उद्देश्य सशक्त, सुरक्षित और नियामक-अनुपालक समाधान देना है जो पीएनबी के डिजिटल संरचना को मजबूत करेगा, परिचालन लचीलापन में सुधार करेगा और ग्राहक सेवाओं में नवाचार का समर्थन करेगा।

इस साझेदारी के तहत, सी-डॉट समाधानों का एक व्यापक समूह प्रदान करेगा, जिसमें स्विचिंग और रूटिंग,




वायरलेस तकनीक, सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग, साइबर सुरक्षा समाधान, क्वांटम संचार समाधान और अन्य अनुप्रयोग सम्मिलित हैं।

सी-डॉट समाधान डिजाइन, एकीकरण, परिनियोजन, परिचालन सहायता और निरंतर रखरखाव सहित संपूर्ण समर्थन प्रदान करेगा - सुरक्षित, मापनीय और विनियामक-अनुपालन के साथ-साथ पीएनबी की रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ संरेखित समकालीन आईटी क्षमताओं को सुनिश्चित करेगा।।

पीएनबी के महाप्रबंधक-आईटी, श्री मनीष अग्रवाल ने कहा, "सी-डॉट के साथ यह रणनीतिक साझेदारी पीएनबी की आईटी परिवर्तन यात्रा में एक मील का पत्थर है। सी-डॉट की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, हम आधुनिकीकरण में तेजी लाएंगे, ग्राहक संपर्क को बढ़ाएंगे, और पूरे भारत में सुरक्षित, निर्बाध डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगे। हम मिलकर एक सुदृढ़, प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे हैं।"

सी-डॉट के सीईओ, श्री राजकुमार उपाध्याय ने कहाः "हमारा दृढ़ विश्वास है कि पंजाब नैशनल बैंक के साथ अंतःविषय सहयोग और ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देना, नागरिकों को सुरक्षित, कुशल और डिजिटल रूप से समावेशी वित्तीय सेवाएँ प्रदान करके, "आत्मनिर्भर भारत" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल नवाचार, स्थिरता और समावेशिता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो सी-डॉट के मिशन के मूल हैं। "

यह साझेदारी पीएनबी को नई तकनीकों को तेजी से अपनाने, सुरक्षित और अनुपालन योग्य संचालन सुनिश्चित करने और ग्राहकों को अधिक तेज, भरोसेमंद और डिजिटल रूप से सक्षम बैंकिंग अनुभव प्रदान करने में सहायता करेगा। यह समझौता ज्ञापन भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया' विजन का भी समर्थन करता है, जिससे प्रौद्योगिकी-संचालित वित्तीय सेवाओं में विश्वास मजबूत होगा और राष्ट्र के डिजिटल बैंकिंग परिदृश्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।




पंजाब,जम्मू,हिमाचल प्रदेश मे बाढ पीड़ितों की आर्थिक सहायता के लिए समाजवादी पार्टी अलपसंखयक सभा की तरफ से मदद हेतु टीम लखनऊ को चेक देते हुए ।

# सगे छोटे भाई की हत्या करने वाले कलयुगी बड़े भाई को पुलिस ने दबोचा : जमीन बंटवारे के विवाद में गोली मारकर की थी छोटे भाई की हत्या



मथुरा (जीएनएस)। थाना नौहझील क्षेत्र स्थित बाजना कट के पास से पुलिस ने सगे छोटे भाई की गोली मारकर हत्या करने वाले हत्यारोपी बड़े भाई को मथुरा छोड़ने से पहले ही दबोच लिया। बड़े भाई ने सम्पत्ति विवाद में छोटे भाई की हत्या की थी। जानकारी के अनुसार विगत 9 सितंबर को थाना नौहझील क्षेत्र स्थित गांव शल्ल में सम्पत्ति के विवाद में बड़े भाई ने सगे छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही थाना प्रभारी नौहझील सोनू सिंह पुलिस टीम के साथ फरार हत्यारोपी की तलाश में दबिशें दे रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि सगे छोटे भाई की गोली मारकर हत्या करने वाला हत्यारोपी भाई, मथुरा से भागने की फिराक में बाजना कट के पास वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सोनू सिंह पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखते ही वहां खड़ा हत्यारोपी भागने लगा। पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे हत्यारोपी संजीव पुत्र चन्द्रपाल निवासी गांव शल्ल थाना नौहझील को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी ग्रामीण ने बताया कि विगत 9 सितंबर की रात्री में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में हत्यारोपी संजीव कुमार ने अपने सगे छोटे भाई अजीत गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया कि उसी समय से थाना प्रभारी नौहझील सोनू सिंह पुलिस टीम के साथ फरार हत्यारोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिशें दे रहे थे। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।